# Chapter 3 Segment 1
# Life in India: Movie
# “दिल्ली में जीवन”

## Objectives

**At the end of this conversation**

a. Students will learn how to narrate and describe in past time frames.
b. How to support opinion about city life and its issues.
c. Use of past tense, future tense, passive voice, compulsion and obligation, and different idioms and expressions

**Activity 1: Watch and Listen**
**Instruction:** Watch and listen to the following conversation and sub-vocalize it. Vocab list is given below.
YouTube video:
https://www.youtube.com/watch?v=hEGRBES5Ab4&index=7&list=PLveLz7FIFiWsz8cgCmMn1TiVM9fvjWdzF

**Time:** Beginning till 2:10

**सवाल:** नमस्ते आंटी जी। आंटी जी, आप अभी दिल्ली होकर आयी हैं न ? तो थोड़ा सा दिल्ली की भीड़-भाड़ के बारे में बतायेंगी ?
**उत्तर:** दिल्ली में भीड़-भाड़ बहुत ज़्यादा हो गयी है और महंगाई भी उसी हिसाब से ही बढ़ रही है। और यातायात के साधन वह भी बहुत ज्यादा हो गये हैं। पहले लोग बसों पर निर्भर करते थे। अब मेट्रो चल गयी हैं और फ्लाईओवर्स इतने बड़े बड़े बन गये हैं कि कुछ पता ही नहीं चलता। पहले जिस दूरी को तय करने के लिये दो घंटे लगते थे अब एक घंटे में ही वह दूरी तय हो जाती है। अब बहुत अलग-अलग कम्पेनियों की गाड़ियाँ आ गयी हैं। हर घर में दो-दो गाड़ियाँ हैं। एक बच्चों के स्कूल जाने के लिये और एक आफ़िस जाने के लिये।

# Vocabulary List 1

| Hindi | English |
|---|---|
| नमस्ते, आंटी जी | Hello respected aunty |
| दिल्ली होकर | Visiting Delhi |
| भीड़-भाड़ के बारे में | About the traffic rush |
| हो गयी है | Has become |
| महंगाई भी | Inflation too |
| उसी हिसाब से | Accordingly |
| यातायत के साधन | Means of transportation |
| वह भी | That also |
| बहुत ज्यादा | Very much |
| पहले लोग | Before/first people |
| बसों पर | On the buses |
| निर्भर करते थे | Used to depend |
| मेट्रो चल गयी हैं | Metro has been running |
| फ्लाईओवर्स | Flyovers |
| इतने बड़े बड़े | So huge |
| कुछ पता ही नहीं चलता | Nothing can be known |
| जिस दूरी को | The distance |
| तय करने के लिये | To decide |
| दो घंटे लगते थे | Used to take two hours |
| एक घंटे में ही | Only in one hour |
| तय हो जाती है | Is fixed, decided |
| कम्पेनियों की गाड़ियाँ | Company cars |
| आ गयी हैं | Have arrived |
| हर घर में | Each house |

| | |
|---|---|
| दो-दो गाड़ियाँ | Two cars |
| बच्चों के स्कूल | Kid's school |
| जाने के लिये | To go to |
| और एक | And one |
| आफ़िस जाने के लिये | To go to the office |

**<u>Activity 2:</u> Circle the Correct Answer**

१- आंटी जी को किस के बारे में पूछा गया था ?
(क) गाड़ियों के बारे में
(ख) भीड़-भाड़ के बारे में
(ग) दिल्ली के लोगों के बारे में

२- आंटी जी के अनुसार दिल्ली की भीड़-भाड़ के साथ और क्या बढ़ रहा है ?
(क) लोगों में लालच
(ख) अपनापन
(ग) महंगाई

३- आंटी ने कहा कि महंगाई के साथ-साथ ---------
(क) दिल्ली के बाज़ारे भी बढ़ रहे हैं।
(ख) विदेशियों की संख्या भी बढ़ रही हैं।
(ग) यातायात के साधन भी बढ़ रहे हैं।

४- पहले लोग किस पर निर्भर करते थे ?
(क) बैलगाड़ियों पर
(ख) बसों पर
(ग) हवाई जहाज़ों पर

५ - दिल्ली शहर में कौन कौन सी नयी चीज़ें बन गयी हैं जो यातायात के लिये काफी लाभदायक मालूम होता है ?
(क) बसों के चलने के लिये अच्छे अच्छे रास्ते
(ख) नई नई और ऊंची-ऊंची इमारतें
(ग) मेट्रो और फ्लाईओवर्स

६- हर घर में अब बहुत अलग-अलग कम्पेनियों से क्या आ गया है ।
(क) कम्पेनियों की गाड़ियाँ
(ख) कम्पेनियों के कपड़े
(ग) कम्पेनियों के सामान

७- एक गाड़ी बच्चों के स्कूल जाने के लिये और दूसरी ?
(क) राजनेताओं के हाथ बँटाने के लिए
(ख) रिशतेदारों से मिलने के लिये
(ग) आफ़िस जाने के लिये

**Activity 3: Listen and Translate**
**Instruction:** Listen to the following conversation and translate into English. Vocabulary list is given below.

**सवाल:** जब आप शापिंड के लिये हो या किसी रिश्तेदार से मिलने गयी थीं तो कैसे आती जाती थीं ?
**जवाब:** आजकल बहुत सारी टेक्सियाँ चल गयी हैं जिन में ए-सी लगे हुये हैं और वह सैफ़ भी रहती हैं । आजकल प्रतियोगिता बढ़ गयी हैं और टेक्सियाँ कोई दस रुपये किलोमीटर के हिसाब से लेता है, कोई बारह रुपये किलोमीटर

के हिसाब से, कोई पन्द्रह रुपये के हिसाब से। आजकल सब तरह की गाड़ियाँ टेक्सी के रूप में यूस्ड की जाती हैं, इस्तेमाल किया जाता है।

**सवाल:** आंटी जी, आपने अभी बताया कि टेक्सियों के किराये दस, बारह, पन्द्रह रुपये किलोमीटर के हिसाब से हैं ? ऐसा अलग अलग दाम कयों हैं ?

**जवाब:** यह उनकी सर्विस के ऊपर है। कुछ टेक्सियां जो शहरों में ही मिलती हैं, उनके दाम कम होते हैं। शहर के बाहर के इलाकों के लिये अलग सी टेक्सियाँ होती हैं जो उसी इलाके में चलती हैं। उनके दाम और ज़्यादा होते हैं। उनके आफ़िस भी अलग-अलग होते हैं। जिनके आफ़िस नई दिल्ली की तरफ़ हैं वे अगर बाहर के इलाकों में जायेंगी तो उनके पैसे ज़्यादा होंगे। इसी तरह से सबके रेट अलग-अलग बने हुये हैं।

## Vocabulary List 2

| Hindi | English |
|---|---|
| जब आप | When You |
| शापिंड के लिये हो | For shopping may be |
| किसी रिश्तेदार | Any relative |
| रिश्तेदार से मिलने | To meet the relative |
| कैसे आती जाती थीं | How did you do the communication? |
| बहुत सारी टेक्सियाँ | Lot of taxis |
| चल गयी हैं | Have been running |
| जिन में | In those |
| ए-सी लगे हुये हैं | ACs are installed |
| सैफ़ भी रहती हैं | Are safe too |
| प्रतियोगिता | Competition |

| | |
|---|---|
| बढ़ गयी हैं | Have increased |
| किलोमीटर के हिसाब से | Per kilometer |
| सब तरह की गाड़ियाँ | All kinds of cars |
| टेक्सी के रूप में | As a taxi |
| यूस्ड/इस्तेमाल की जाती हैं | Are used |
| अभी बताया | Just told |
| अलग अलग दाम | Different price |
| सर्विस के ऊपर | Depending upon the service |
| जो शहरों में ही मिलती | Which is available only in the city |
| अलग-अलग होते हैं | Are different |
| नई दिल्ली की तरफ़ | Towards New Delhi |
| बाहर के इलाकों में | In the outside areas |
| उनके पैसे ज़्यादा होंगे | Their price will be more |
| सबके रेट | Everyone’s rate |
| अलग-अलग बने हुये हैं | Different rates are fixed |

## **Activity 4:** True or False

| | सही | गलत |
|---|---|---|
| **(क)** आजकल दिल्ली शहर में बहुत सारी टेक्सियाँ चलने लगी हैं जिन में ए-सी लगी हुयी हैं और वह सैफ़ भी रहती हैं। | | |
| (ख) आजकल प्रतियोगिता बढ़ गयी हैं और टेक्सियाँ हमेशा दस रुपये किलोमीटर के हिसाब से लेती हैं। | | |
| (ग) कोई टेक्सी बारह रुपये किलोमीटर के हिसाब से लेती है तो कोई पन्द्रह रुपये के हिसाब से। | | |
| (घ) आजकल सब तरह की गाड़ियाँ टेक्सी के रूप में इस्तेमाल की जाती हैं। | | |
| (ड) टेक्सियों का भाड़ा उनकी सर्विस के ऊपर निर्भर है। | | |
| (च) जो टेक्सियां शहरों में ही मिलती हैं, उनके दाम बहुत ज़्यादा होते हैं। | | |
| (छ) शहर के बाहर के इलाकों के लिये अलग सी टेक्सियाँ होती हैं। | | |
| (ज) जिनके आफ़िस नई दिल्ली की तरफ़ हैं वे बाहर के इलाकों में नहीं जाती हैं। | | |
| (झ) सारी टेक्सियों के रेट अलग-अलग बने हुये हैं। | | |

**Activity 5:** **Matching**
**Instruction:** Match the following sentences in left column to the right.

| | | |
|---|---|---|
| १ | आजकल बहुत सारी टेक्सियाँ चल गयी हैं | टेक्सियाँ कोई दस रुपये किलोमीटर के हिसाब से लेता है, कोई बारह रुपये किलोमीटर के हिसाब से। |
| २ | आजकल प्रतियोगिता बढ़ गयी हैं और | अलग सी टेक्सियाँ होती हैं जो उसी इलाके में चलती हैं। |
| ३ | आजकल सब तरह की गाड़ियाँ | वे अगर बाहर के इलाकों में जायेंगी तो उनके पैसे ज़्यादा होंगे। |
| ४ | कुछ टेक्सियां जो शहरों में ही मिलती हैं | जिन में ए-सी लगे हुये हैं और वह सैफ़ भी रहती हैं। |
| ५ | शहर के बाहर के इलाकों के लिये | टेक्सी के रूप में यूस्ड की जाती हैं, इस्तेमाल किया जाता है। |
| ६ | जिनके आफ़िस नई दिल्ली की तरफ़ हैं | उनके दाम कम होते हैं। |

**<u>Activity 6:</u> Comprehensive Questions**

**<u>Instruction:</u>** Listen to the following comprehensive questions and write the answers of it in the boxes below. Ask the same questions to your clasmates and write down his or her answers.



| | |
|---|---|
| १ | आंटी जी ने दिल्ली की भीड़-भाड़ के बारे में क्या बताया है ? |
| २ | आंटी जी के अनुसार महंगाई किस गति से बढ़ रही है और क्यों ? |
| ३ | दिल्ली में लोग पहले किस तरह के यातायात के साधनों पर निर्भर करते थे ? |
| ४ | दिल्ली में किन-किन नई चीज़ों के आने से यातायत में परिवर्तन आया है ? |
| ५ | "पहले जिस दूरी को तय करने के लिये दो घंटे लगते थे अब एक घंटे में ही वह दूरी तय हो जाती है ।" कहने का तात्पर्य क्या है ? |
| ६ | अलग-अलग कम्पेनियों की गाड़ियों के बाज़ार में आने से हुये परिवर्तन के बारे में आंटी जी ने क्या बताया है ? |
| ७ | दिल्ली शहर में उपलब्ध टेक्सियों की सुविधाओं के बारे में क्या पता चला है ? |

| | |
|---|---|
| ८ | आजकल की बढ़ती हुई प्रतियोगिता के कारण टेक्सियों के भाड़ों में जो परिवर्तन आया है उसके बारे में बताइये । |
| ९ | दिल्ली शहर की टेक्सियों का किराया एक दूसरे से भिन्न् है। इसका मुख्य कारण क्या है और आपके अनुसार ऐसी व्यवस्था से ग्राहकों को किस तरह की मुशकिलों का सामना करना पड़ता होगा ? |
| १० | जिन टेक्सियों के आफ़िस नई दिल्ली की तरफ़ हैं वे टेक्सियाँ अगर बाहर के इलाकों में जायेंगी तो किस हिसाब से किराया लेंगी और क्यों ? |

Write down your classmate's answers here:

| |
|---|
| |